# आरा में गोली लगने से उद्योगपति के भाई की मौत, घर के बाहर मिला शव

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में रविवार सुबह एक बड़े उद्योगपति के बड़े भाई की गोली लगने से मौत हो गई। गोली उनके सीने के बीचो-बीच लगी है। बताया जा रहा है कि मृतक ने अपने ही लाइसेंसी रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। हालांकि, परिवार वाले हत्या की आशंका जता रहे है। मामला बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव का है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही बड़हरा थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का लाइसेंस रायफल भी बरामद किया है। जिससे लोग आत्महत्या की बात कह रहे हैं। हालांकि, हत्या है या आत्महत्या पुलिस दोनों एंगल पर जांच कर रही है। मृतक का नाम शैलेश सिंह है, जो पेश से किसान है। वह उद्योगपति अजय सिंह (58) के बड़े भाई थे। मृतक के चचेरे भाई वीर बहादुर सिंह के मुताबिक, वह प्रतिदिन बरामदे में ही सोते थे।



**परिजन ने हत्या की जताई आशंका:** रविवार की सुबह जब उनकी पत्नी उर्मिला देवी उठी तो उन्होंने देखा कि वह बरामदे में खून से लथपथ हालत में मृत पड़े हैं। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना अपने परिवार के सभी सदस्यों को दी। सूचना पाकर सभी लोग वहां पहुंचे। उसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। वहीं, दूसरी तरफ मृतक के चचेरे भाई वीर बहादुर सिंह ने मृतक शैलेश सिंह के पूरे गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। इसके अलावा उन्होंने उनकी गोली मारकर हत्या करने की आशंका जताई है। हालांकि उन्होंने किसी भी व्यक्ति पर किसी भी प्रकार का कोई आरोप या आशंका नहीं जताया है।

## सीने पर बुलेट्स के निशान, हत्या या सुसाइड, जांच में जुटी पुलिस

**शुगर के कारण डिप्रेशन में थे:** जानकारी के अनुसार मृतक शुगर बीमारी से पीड़ित थे। जिसके कारण वह काफी डिप्रेशन में थे। माना जा रहा है कि इसी कारण उन्होंने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बहरहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाइयों में बड़े थे और उनके मंझले भाई अजय सिंह भोजपुर के एक बड़े उद्योगपति हैं। उनके परिवार में पत्नी उर्मिला देवी,तीन पुत्री प्रियंका,पूजा,प्रति एवं दो बेटे धीरज एवं नीरज हैं। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी उर्मीला देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अनियंत्रित ऑटो ने बाइक में मारी टक्कर, दो मासूम बच्चें समेत चार जख्मी

**आरा।** आरा–सहार मुख्य मार्ग गड़हनी थाना क्षेत्र की अगिआंव गांव के समीप शनिवार की देर शाम बाइक और ऑटो की सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दंपती समेत चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। जख्मी में दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं। इसके बाद आनन–फानन में सभी ज़ख्मियों को इलाज के लिए स्थानीय ग्रामीणों के मदद से आरा सदर अस्पताल लाया गया। ज़ख्मियों में सहार थाना क्षेत्र के नाढ़ी गांव निवासी सुभाष पासवान के 30 वर्षीय बेटे जीतन पासवान उनकी 25 वर्षीय पत्नी माया देवी, 2 वर्षीय बेटा युवराज कुमार, 16 महीना की बेटी डौली कुमारी शामिल है। इधर, जख्मी डौली ने बताया कि उसकी कुछ दिनों से तबीयत खराब थी जिसको लेकर वह अपने ससुराल से मायके पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव आई थी। इसके बाद शनिवार की देर शाम अपने पति और दो बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर गड़हनी थाना क्षेत्र के बसौढ़ी किसी वैद्य दिखवाने के लिए जा रही थी। इसी बीच जब बाइक सवार दंपती अगिआंव गांव के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रहे हैं अनियंत्रित ऑटो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिए। इस हादसे में सभी जख्मी हालत में सड़क पर गिर पड़े।

# संक्षिप्त समाचार

## आहार में डूबने से किशोर की मौत, नाना के श्रादकर्म में नहाने गया था, ग्रामीणों ने आहार से निकाला शव

**आरा।** भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के तार गांव में शनिवार को आहर में डूबने से ननिहाल में रह रहे एक किशोर की मौत है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत किशोर शाहपुर थाना क्षेत्र के मानसिंहपुर गांव निवासी राकेश कुमार राम का 14 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार है। वह बचपन से ही अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के तार गांव अपने नाना के घर रहता था एवं पांचवी कक्षा में पढ़ता था। इधर मृत किशोर के मामा गणेश राम ने बताया कि वह बचपन से ही उनके घर पर रहता था। उसने बताया कि 24 मार्च को उनके पिता केवल राम की मृत्यु हो गई थी और शनिवार को उनका सत्यनारायण था। जिसको लेकर सभी लोग गांव में स्थित आहर मे स्नान करने गए थे। जब वह भी आहर में स्नान कर रहा था। तभी पानी अधिक गहरा एवं उसमें गड्ढा होने के कारण स्नान करने के दौरान वह डूब गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसे पानी से बाहर निकल गया। जिसके बाद परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर पीरो एवं जितौरा स्थित निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है की मृत किशोर अपने दो भाई व दो बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां इंदू देवी व दो बहन प्रिया,प्रियंका एवं एक भाई ऋतिक है। घटना के बाद मृत किशोर के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत किशोर की मां इंदू देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर हाल है।



## 1 करोड़ की शराब, 7.92 लाख का ड्रग्स जब्त




**बक्सर।** लोक सभा आम निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी- डीएम अंशुल अग्रवाल एवं एसपी मनीष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य विषयों पर समीक्षा बैठक की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने हेतु अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत अशांति उत्पन्न करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे। अधीक्षक, मद्य निषेध को निर्देश दिया गया कि चुनाव के मद्देनजर अधिक से अधिक संख्या में रेंडम बेसिस पर छापामारी करें तथा सभी चेक पोस्ट विशेषकर सीमावर्ती बार्डर एवं वीर कुंवर सिंह सेतु पर गहन तलाशी करना सुनिश्चित करें।इस बार पीसीसीपी की व्यवस्था नहीं होने के कारण मतदान दिवस के एक दिन पूर्व पुलिस बल के आवासन की व्यवस्था डिस्पैच सेंटर के पास की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया कि पुलिस बल को डिस्पैच सेंटर से मतदान केन्द्र तक जाने हेतु वाहनों का आकलन कर आवश्यकतानुसार वाहन पुलिस लाईन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही निर्देश दिया गया कि मतदान दिवस के 01 दिन पूर्व ही पुलिस लाईन में स्वयं उपस्थित रहकर इस कार्य का मॉनिटरिंग करेंगे। आदर्श आचार संहिता लागू आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने से लेकर अब तक विभिन्न इंफोर्समेंट एजेंसी के द्वारा कुल 19,20,000 रुपए कैश, 14,342.38 लीटर जिसका मूल्य 1,01,47,215 रुपए है, 158.23 ग्राम ड्रग्स जिसका मूल्य 7,92,650 रुपए है एवं अन्य 1,08,50047 रुपये सामग्रियों की जब्ती की गई है। सघन तलाशी अभियान के तहत आज दिनांक 06 मार्च को उड़नदस्ता दल -सह-अंचल अधिकारी, डुमरांव द्वारा 02 पिकअप एवं 01 बाइक से कुल 3,98,500 रुपए एवं उड़नदस्ता दल -सह-अंचल अधिकारी, बक्सर सदर द्वारा 67,000 रुपए कैश की बरामदगी की गई।

## जीविका ने चलाया जागरुकता अभियान



**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर में शनिवार को मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां उन्नति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ एवं क्रांति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ की महिलाओं ने रंगोली मेंहदी एवं रैली का आयोजन सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया। जिसमें संघ की अध्यक्ष सहाना खान, जीविका प्रबंधक विनय कुमार सिन्हा, निगमानंदा ओझा, गणेश चौधरी सहित सभी प्रखंडों से जीविका दीदी का समूह भाग लिया।

## ब्रह्मपुर के छात्रों को दिया गया प्रगति पत्र

**ब्रह्मपुर।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालयों में समारोह पूर्वक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्र का वितरण किया गया। बता दें कि सरकार के आदेशानुसार सभी प्राथमिक विद्यालयों में शनिवार को छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा के बाद प्रगति पत्र का वितरण किया गया। जिसमें छात्रों के साथ उनके अभिभावक को भी बुलाया गया और उन्हें प्रगति पत्र दिया गया। प्राथमिक विद्यालय कपूरपुर के प्रधानाध्यापक सत्यनारायण पांडेय ने बताया कि वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए छात्र-छात्राओं को कॉपी पेंसिल सहित इंस्ट्रूमेंट बॉक्स और मेडल सहित बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अभिभावकों के लिए नाश्ता पानी का भी प्रबंध किया गया था।पहली बार हो रहे इस कार्यक्रम में बच्चे बहुत उत्साहित दिख रहे थे। साथ ही अभिभावक भी काफी संख्या में विद्यालय पहुंचे थे और अपने बच्चों के उपलब्धि पर खुश नजर आ रहे थे। प्रखंड परियोजना पदाधिकारी रंजन कुमार ने बताया कि कई विद्यालयों में वह पहुंचे और वहां निरीक्षण किया विद्यालयों के कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हर साल इस प्रकार के कार्यक्रम होने चाहिए ताकि छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा हो सके।

## 11 अप्रैल को नरसिंह महायज्ञ का आयोजन

**बक्सर।** रामरेखा घाट स्थित श्री रामेश्वरनाथ मंदिर परिसर में शनिवार को इस्कॉन मंदिर के प्रचारक मनोहर दास प्रभु की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि 11 अप्रैल को संध्या 3. 30 बजे से नरसिंह महायज्ञ का आयोजन, श्री रामचंद्र जी का अभिषेक एवं छप्पन भोग का प्रसाद का आयोजन रामरेखा घाट पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में इस्कॉन मायापुरी कोलकाता से 30 गुरुकुल शिष्य भी आ रहे हैं। नरसिंह महायज्ञ बक्सर में पहली बार हो रहा है, जो बक्सर के इस्कॉन मंदिर के प्रचारक मनोहर दास प्रभु जी की अगुवाई में होगा। बैठक में रामेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामस्वरूप अग्रवाल, मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष रोहतास गोयल, पंकज मानसिंहका, बंटी सिंह, श्याम प्रकाश सिंह, पवन नंदन केसरी, उदय प्रभु, पुरुषोत्तम प्रभु, बृजवासी तारकेश्वर सिंह, कृष्णा दुबे, संत पाठक, शक्तिमान ओझा, अंकित राज चतुर्वेदी आदि थे।



# बसपा कार्यकर्ता पर FIR, प्रत्याशी वाले कैलेंडर के साथ पकड़ाया था

निज संवाददाता। बक्सर

लोकसभा चुनाव को लेकर बक्सर में जिला प्रशासन द्वारा लगातार आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। बक्सर सीओ के जिला पार्षद अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज के बाद अब राजपुर सीओ ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में बसपा कार्यकर्ता को पार्टी और दल द्वारा घोषित प्रत्याशी वाले कैलेंडर के साथ पकड़ा है। इसपर सीओ ने राजपुर थाना में एफआईआर की है जिसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बता दें कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उड़नदस्ता दल सक्रिय होकर लगातार कार्रवाई कर रहा है। राजपुर सीओ डॉक्टर शोभा कुमारी भी लगातार जांच कर रही है। अपने कर्मियों के साथ आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए विभिन्न जगहों का भ्रमण कर रही थी। तभी जमौली गांव के पास रोड पर बसपा प्रत्याशी अनिल कुमार की फोटो युक्त कैलेंडर वितरण कर रहे एक कार्यकर्ता को पकड़ लिया। हिरासत में लिए गए बसपा कार्यकर्ता विमलेश कुमार जमौली गांव निवासी बताए जा रहे हैं। वो खुलेआम आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए आमजनों के बीच कैलेंडर वितरण कर रहे थे जिनके पास से 14 फोटो युक्त कैलेंडर भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि सीओ के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिन्हें दण्ड प्रक्रिया की धारा के तहत नोटिस एवं बॉन्ड पत्र भरने के बाद छोड़ा गया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न करें। नियमों का पालन करते हुए अपने पक्ष में मतदान करने का अपील करें।

# सड़क हादसे में इंटर के छात्र की मौत, किराना दुकान के लिए बाइक से समान लेने जा रहा था

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के मझौली ब्रह्म स्थान के नजदीक रविवार की सुबह तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार इंटर के छात्र को रौंद दिया। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृत छात्र के परिजनों में अफरा–तफरी का माहौल कायम हो गया। मृत छात्र बिहिया थाना क्षेत्र के चकवथ गांव निवासी टुनटुन साव के बेटा विनीत कुमार (17) है। वह इंटर का छात्र था। इधर, मृत छात्र के पिता टुनटुन साव ने बताया कि वह गांव में ही किराना का दुकान चलाते हैं। शुक्रवार की सुबह दुकान का समान लेने के लिए अपने बाइक से बिहिया बाजार जा रहा था, तभी मझौली गांव के ब्रह्म स्थान के समीप किसी तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने परिजनों को दी। इसके बाद परिजन आनन–फानन में मौके पर पहुंचे, जहां विनीत मृत पड़ा था।



## तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा

**घर का इकलौता बेटा था मृतक:** वहीं घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना बिहिया थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। मृत छात्र घर का इकलौता बेटा था। उसकी एक छोटी बहन सलोनी है। पिता किराना दुकान चलाने के साथ साथ परिवार के पालन पोषण के लिए हलवाई का काम करते हैं। घर में मां रिंकु देवी का रो–रोकर बुरा हाल है

# बिहार टीम ने झारखंड को 124 रन से हराया, उत्तराखंड की टीम को भी किया पराजित

निज संवाददाता। आरा

लखनऊ के केडी सिंह बाबू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे सीनियर राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे मैच में शनिवार को बिहार टीम ने झारखंड को 124 रन से हरा दिया। बिहार टीम का नेतृत्व भोजपुर के खिलाड़ी कर रहे हैं। प्रतियोगिता 5 अप्रैल से 8 अप्रैल तक लखनऊ में आयोजित है। बिहार बनाम झारखंड के खेले गए दूसरे मैच में राहुल सिंह सरकार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 151 रन का लक्ष्य रखा। इसमें बिहार ने 4 विकेट खोकर 151 रन बनाए। झारखंड ने 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र और 28 रन ही बना पाई। इस तरह बिहार ने मैच जीतकर विजय रथ के साथ मैच में बनी हुई है। इसके पहले भी बिहार बनाम उत्तराखंड के के बीच खेले गए पहले मैच में राहुल सिंह सरकार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 184 रन का लक्ष्य दिया था। इसमें बिहार ने एक भी विकेट नहीं गवाएं। उत्तराखंड 184 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 30 रन बनाकर ही सिमट गई। इस तरह सीनियर राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का बिहार ने पहला मैच भी 154 रनों से जीत लिया था।



भोजपुर के खिलाड़ी कर रहे बिहार टीम का नेतृत्व

# शहर के चौक-चौराहों पर पुलिस का फ्लैग मार्च, गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। बक्सर

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, निर्भीक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए बक्सर जिला प्रशासन अलर्ट है। जिसको लेकर शहर के चौक-चौराहों से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है। संदेश दे रही है कि गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मुफस्सिल थाना के प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना और आमजन को निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान करने की प्रेरणा देना। साथ ही गुंडों, बदमाशों और असामाजिक तत्वों में भय का माहौल उत्पन्न करना है।



लोकसभा चुनाव में विधि व्यवस्था बनाए रखना उद्धेश्य

**6458 के विरुद्ध 107 की करवाई:** विधि व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर दण्ड प्रक्रिया संहिता 107 के तहत 6458 के विरुद्ध 107 की कार्रवाई हुई है। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर धिरज कुमार ने कहा कि 107 के तहत बक्सर अनुमंडल में कुल 201 प्रस्ताव प्राप्त है। जिसमें 3037 व्यक्तियों के विरुद्ध 107 की कार्रवाई की जा रही है। 1261 व्यक्तियों से बंधपत्र दाखिल कराया गया है। 107 के तहत डुमरांव अनुमंडल में कुल 243 प्रस्ताव प्राप्त है। जिसमें 3421 व्यक्तियों के विरुद्ध 107 की कार्रवाई की जा रही है। 1641 व्यक्तियों से बंधपत्र दाखिल कराया गया है। आगे भी शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत अशांति उत्पन्न करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही गई।

# EVM सुरक्षा में चूक को लेकर DSP समेत चार सस्पेंड

**आरा।** ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा में लापरवाही को लेकर तीन अफसरों समेत चार पर विभागीय कार्रवाई की गई है। गृह विभाग ने रक्षित डीएसपी राकेश रंजन को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा डीआईजी नवीन चंद्र झा के निर्देश पर नवादा थाना की इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह एवं पुलिस केंद्र के दिव्या शाखा प्रभारी सार्जेंट पुष्पांजलि को भी सस्पेंड कर दिया गया है। घटना के दिन ड्यूटी से फरार सिपाही को भी निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि 2 अप्रैल को इस मामले में भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर तत्कालीन डीएम राजकुमार एवं एसपी प्रमोद कुमार पर कार्रवाई करते हुए हटा दिया गया था। इसके अलावा डीएसपी व थानाध्यक्ष को भी निलंबित करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद डीआईजी सुरक्षा में चूक के बिंदु पर जांच कर रहे थे। जांच के दौरान एवं सुरक्षा में मानक में उदासीनता को लेकर प्रथम दृष्टया लाइन डीएसपी राकेश रंजन,दिव्या शाखा प्रभारी सार्जेंट पुष्पांजलि एवं नवादा थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह को दोषी पाया गया है।

संत लौंगोवाल अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
Sant Longowal Institute of Engineering and Technology
(शिक्षा मंत्रालय–भारत सरकार के अधीन सम विश्वविद्यालय)
(Deemed to be University under MoE, GOI)
Longowal–148106, Distt. Sangrur, Punjab
E-mail- chairmanset2024@gmail.com, Tel No. 01672 - 280072 / 253136

SET ADMISSION NOTICE
Registration for SLIET Entrance Test (SET-2024) open for Admission to
ICD, B.E. (LATERAL ENTRY), M.Sc. and M.Tech. programmes.
Last Date 15.04.2024
For details visit www.sliet.ac.in. www.slietexam.co.in Director

बिहार सरकार
बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14.
डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2024
[ D.E.C.E. (L.E.)-2024 ]
विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])–2024/02 दिनांक- 07.04.2024 bceceboard.bihar.gov.in
नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना
बिहार के विभिन्न पॉलिटेकनिक संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित की जानेवाली डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]–2024 में सम्मिलित होने के लिये 12th Science उत्तीर्ण (भौतिकी विज्ञान एवं रसायन विज्ञान अनिवार्य विषय के रूप में तथा इसके साथ गणित / जीव विज्ञान में से एक) या 12th Science उत्तीर्ण (गणित विषय के साथ) या 12th Science उत्तीर्ण (वोकेशनल / टेकनिकल विषय के साथ) या 10th + आई.टी.आई. (2 Year course with appropriate trade के साथ) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्रों में Online आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
**इस परीक्षा हेतु वैसे अभ्यर्थी ही पात्रता–प्राप्त हैं जो आवेदन भरने की तिथि तक सम्बन्धित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त कर चुके हैं।**
2. Online आवेदन के लिये Registration करने की प्रारम्भिक तिथि 09.04.2024 और अंतिम तिथि 07.05.2024 निर्धारित है।
3. डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]–2024 आयोजित करने की तिथि 09.06.2024 निर्धारित है।
4. पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in पर DECE(LE)-2024 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/ अर्हता सम्बन्धी विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है।
**Online आवेदन प्रक्रिया / विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या**–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])–2024/01 दिनांक- 07.04.2024 **पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर देखें।**
परीक्षा नियंत्रक

## संक्षिप्त समाचार

### अफ्रीकी ठगों का क्या है विदेशी कनेक्शन? जांच में जुटी आगरा पुलिस; 15 करोड़ की थी ऑनलाइन धोखाधड़ी

**आगरा , एजेंसी।** सौ व्यापारियों से 15 करोड़ की ऑनलाइन धोखाधड़ी में जेल भेजे गए अफ्रीकी नागरिकों का विदेशी कनेक्शन पुलिस तलाश रही है। दोनों आरोपी ठगी की रकम मनी एक्सचेंजर के माध्यम से अपने देश भेजते थे। पुलिस को उनके मोबाइल और लैपटॉप में कई व्यापारियों से चैट और खातों की जानकारी मिली है। उनके अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। फतेहाबाद निवासी राजीव पालीवाल के साथ जूट के बोरे भेजने के नाम पर 7.82 लाख रुपये की ठगी हुई थी। मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कैमरून के रहने वाले अकुंबे बोमा और माइकल बूनेवा को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल और लैपटॉप की जांच की। हालांकि ज्यादा डाटा नहीं मिला। अब उन्हें विधि विज्ञान प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाएगा। एसीपी साइबर क्राइम आदित्य कुमार ने बताया कि आरोपी विदेशी नागरिक भारत में स्टडी वीजा पर आए थे। इसके बाद ठगी का नेटवर्क तैयार कर लिया था। खाते खोलने से लेकर सिम खरीदने तक में फर्जी दस्तावेज लगाए थे। पुलिस आरोपियों के मददगारों की तलाश कर रही है। पश्चिम बंगाल के एक आरोपी का नाम सामने आया है। पुलिस को अकुंबे बोमा और माइकल बूनेवा से पूछताछ में ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। पुलिस उनके अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाना चाहती थी। मगर, उन्होंने अपना मुंह नहीं खोला। आशंका है कि विदेश में बैठे उनके सदस्य भी मदद करते होंगे।

### भाई का हत्यारोपी राजीव गिरफ्तार, मकान बेचने के विवाद में सिर पर मारा था डंडा

**मुरादाबाद , एजेंसी।** बिलारी थाना क्षेत्र के मंगूपुरा गांव में मकान बेचने को लेकर हुए विवाद में भाई की हत्या करने के आरोपी राजीव यादव को पुलिस ने शनिवार सुबह घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया है। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि बिलारी थाना क्षेत्र के मंगूपुरा गांव में बृहस्पतिवार की दोपहर मकान बेचने को लेकर दो सगे भाई भोगराज यादव (48) और राजीव यादव के बीच झगड़ा हो गया था। जिसमें राजीव ने डंडे से हमलाकर भोगराज को मार डाला था। इस मामले में भोगराज के चचेरे भाई उदयवीर की तहरीर पर पुलिस ने राजीव के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शनिवार सुबह नामजद आरोपी राजीव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राजीव ने पुलिस पूछताछ में बताया कि दोनों भाइयों में जमीन और मकान का बंटवारा हो गया था। बड़े भाई भोगराज की शादी नहीं हुई थी। वह शराब पीने का आदी था। भोगराज अपने हिस्से के मकान को बेचना चाहता था। जब उससे मकान बेचने के लिए मना किया तब वह झगड़ने लगा था। राजीव ने बताया कि इस पर उसने पास ही रखे डंडे से भाई भोगराज के सिर पर वार कर दिया था। जिसमें उसकी मौत हो गई थी। बिलारी थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी राजीव की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किए गए डंडे को बरामद कर लिया है। शनिवार दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### हाईटेंशन लाइन से झुलस गई मासूम, काटने पड़ गए दोनों हाथ, दिल्ली में चल रहा उपचार

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र मैनाठेर गांव निवासी आठ वर्षीय बच्ची अरसुमा के दोनों हाथ काटने पड़ गए। वह 24 मार्च को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गई थी। दिल्ली स्थित अस्पताल में भर्ती बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों ने इंफेक्शन फैलने के कारण बच्ची के दोनों हाथ काट दिए हैं। उधर पिता की तहरीर पर पुलिस ने दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मैनाठेर निवासी मोहम्मद जुबैर ने बताया कि उसकी बेटी अरसुमा (8) घर के पास ही रहने वाले यूनुस की पत्नी नाजरीन के पास कुरान पढ़ने जाती थी। 24 मार्च की सुबह सात बजे अरसुमा कुरान पढ़ने के लिए यूनुस के घर गई थी। यूनुस के घर की छत के पास से 11 हजार की बिजली लाइन गुजर रही है।

# मुरादाबाद मंडल में अमीर प्रत्याशी भाजपा के कंवर, रुचि वीरा हथियारों की शौकीन

### चंद्रशेखर 11 लाख के मालिक

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद मंडल में मुरादाबाद, बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है जबकि दूसरे चरण में अमरोहा लोकसभा सीट पर तीनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशी भी अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। उन्होंने अपने-अपने शपथ पत्रों में संपत्ति, वाहन, हथियारों का ब्योरा भी दर्ज किया है।

अब तक दाखिल किए गए शपथ पत्रों से पता चलता है कि मंडल में बसपा, सपा, कांग्रेस के उम्मीदवारों की तुलना में भाजपा के अमरोहा सीट के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर सबसे अधिक अमीर हैं। अगर इस सूची में भाजपा के अन्य प्रत्याशी, रालोद और नगीना के आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी की संपत्ति भी शामिल कर ली जाए तब भी कंवर सिंह तंवर के आसपास नहीं बैठती है। कंवर सिंह तंवर के पास 182 करोड़ 52 लाख 85 हजार रुपये की संपत्ति है। जबकि बाकी 15 उम्मीदवारों की संपत्ति की कीमत 115 करोड़ 67 लाख 75 हजार 657 रुपये हैं। यानी सबकी संपत्ति से भाजपा के पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर के पास 66 करोड़ 85 लाख 9 हजार 343 रुपये की संपत्ति अधिक है।



### बसपा और आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी के पास कम संपत्ति

रामपुर के बसपा प्रत्याशी जीशान खां और नगीना के आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर के पास सभी अन्य 13 प्रत्याशियों से कम संपत्ति है। जीशान खां के पास करीब 13 लाख रुपये की संपत्ति है। जिसमें एक स्कूटी और एक भवन शामिल है। वहीं चंद्रशेखर के पास करीब 11 लाख की संपत्ति है। इसके नाम पर कोई वाहन नहीं है।

### रुचि वीरा के पास सबसे अधिक हथियार

मुरादाबाद की सपा प्रत्याशी रुचि वीरा के पास सबसे अधिक तीन हथियार हैं। जिसमें दोनाली बंदूक, रिवाल्वर और रायफल है। रुचि वीरा के नाम पर एक ट्रैक्टर और एक कार है। जबकि मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह के पास दो लाइसेंसी हथियार हैं। सर्वेश के पास एक ट्रैक्टर और एक कार है। इनके अलावा अमरोहा से भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के नाम पर भी एक लाइसेंसी रिवाल्वर है। अमरोहा से कांग्रेस के प्रत्याशी दानिश अली के पास एक रिवाल्वर और एक कार है।

### मुर्दाबाद के लगे नारे: भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का जमकर विरोध, गाड़ी के आगे खड़े हुए लोग, खूब की नारेबाजी

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ जनपद के पल्लवपुरम में शनिवार को भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का प्रचार-प्रसार के दौरान विरोध हो गया। इस दौरान लोगों ने कैंट विधायक और भाजपा उम्मीदवार का जमकर विरोध किया। वहीं, लोगों ने नारेबाजी भी की।

बता दें कि पल्लवपुरम फेज-1 के लोगों ने शनिवार को धरने के दौरान भाजपा प्रत्याशी का विरोध कर दिया। लोगों ने कैंट विधायक और भाजपा प्रत्याशी का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। इतना ही नहीं लोगों ने हाथों में पोस्टर लिए और गाड़ी के आगे खड़े होकर विरोध जताया। वहीं, भाजपा मेयर लोगों को मनाते हुए नजर आए।

**इस मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं लोग:** पल्लवपुरम फेज-1 के लोग काफी समय से गेट के विवाद को लेकर बिल्डर व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ धरने पर बैठे हैं। शनिवार को भाजपा-रालोद गठबंधन के मेरठ-हापुड़ लोकसभा से प्रत्याशी अरुण गोविल प्रचार प्रसार के लिए पल्लवपुरम पहुंचे। इस दौरान उनके साथ कैंट विधायक अमित अग्रवाल, मेयर हरिकांत अहलूवालिया भी साथ थे। प्रचार के दौरान जैसे ही प्रत्याशी का काफिला पल्लवपुरम फेज वन में पहुंचा तो लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। लोग पहले ही चुनाव का बहिष्कार कर चुके हैं। प्रत्याशी को देखकर लोगों ने मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने प्रत्याशी व कैंट विधायक के खिलाफ नारेबाजी की और गाड़ी के आगे खड़े होकर हंगामा करते हुए कैंट विधायक पर बिल्डरों के साथ मिले होने के आरोप लगाया। इस दौरान काफी देर तक हंगामा चलता रहा। वहीं, नारेबाजी के दौरान मेयर हरिकांत अहलूवालिया ने लोगों से हाथ जोड़कर गाड़ी के सामने से हटने की अपील की, लेकिन लोग नारेबाजी करते रहे।

## यूपी का मौसम: कई शहरों का पारा 40 डिग्री के पार, 11 अप्रैल तक मौसम विभाग ने की भविष्यवाणी



**लखनऊ , एजेंसी।** लखनऊ सहित पूरे यूपी में गर्मी का कहर है। शनिवार को दिन में कहीं तेज धूप रही तो कहीं हल्के बादल। आने वाले दिनों में मौसम में मामूली बदलाव होने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बहुत ज्यादा तो नहीं पर कुछ बदलाव के आसार बने हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, 10 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं, इसका असर भी दिखेगा। हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन पूर्वी इलाकों में गरज-चमक और बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम में ये बदलाव सात अप्रैल से ही नजर आने लगेगा।

**आज तेज हवा के झोंके चलने की चेतावनी:** मौसम विभाग के मुताबिक, हवा की तेजी से शनिवार को पारे में थोड़ी गिरावट आई। प्रयागराज में ही पारा 40 से अधिक 40.9 डिग्री रहा। जबकि शुक्रवार को प्रयागराज के अलावा सुल्तानपुर, वाराणसी में 40 से अधिक था। वहीं पूरे प्रदेश में न्यूनतम व अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज हुआ था। इसके विपरीत शनिवार को कई इलाकों में पारा सामान्य से नीचे आया।

**गिरता-चढ़ता रहेगा पारा, 11 को बारिश के आसार:** राजधानी में शनिवार को धूप की तेजी में हल्की सी नरमी दिखी। दिन का पारा करीब दो डिग्री की गिरावट के साथ 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38.9 तक पहुंच गया था। न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की बढोतरी रही और यह 21.8 की तुलना में 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार को भी तापमान ऐसा ही रहने के आसार जता रहे हैं। हालांकि 11 अप्रैल को राजधानी में बूंदाबांदी के भी आसार जताए जा रहे हैं।

## रामलला को गर्मी से बचाने के लिए लगाया गया कूलर, भोग में दिए जा रहे मौसमी फल, रबड़ी और दही



**अयोध्या, एजेंसी।** रामलला को गर्मी से बचाने के लिए गर्भगृह में कूलर लगा दिया गया है। लगातार बढ़ रहे तापमान के चलते रामलला गर्मी की तपिश झेल रहे थे। ऐसी मान्यता है कि जिन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हो जाती है उसमें भगवान का वास हो जाता है। आम जीवों की तरह उन्हें भी ठंडी, गर्मी, भूख, प्यास का अहसास होता है। राममंदिर में रामलला पांच वर्ष के बालक के रूप में विराजमान हैं। इसलिए उनकी सेवा एक बालक की तरह ही की जाती है। रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि गर्भगृह में कूलर की व्यवस्था ट्रस्ट की ओर से कर दी गई है। एसी भी आ गया है। वह भी रविवार तक लग जाएगा। रामलला को गर्मी से बचाने के लिए उनके राग-भोग में भी बदलाव किया गया है। रामलला को गोटेदार सूत्री वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। भोग में दही व रबड़ी बढ़ा दी गई है। मौसमी फलों का भी भोग लगाया जा रहा है।

**रामलला के दरबार में नौ दिनों तक होगी शक्ति उपासना:** रामलला के दरबार में नौ दिनों तक विधि विधान से शक्ति उपासना की जाएगी। चैत्र नवरात्र के शुभारंभ पर नौ अप्रैल को रामलला के दरबार में कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू होंगे। 17 अप्रैल को राममंदिर में रामजन्मोत्सव का पर्व भव्यता पूर्वक मनाया जाएगा। पांच सौ वर्षों के बाद रामलला भव्य महल में रामजन्मोत्सव मनाने जा रहे हैं। इसलिए राममंदिर ट्रस्ट की ओर से उत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां जोरों पर की जा रही है।

रामलला के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि हिंदू नव वर्ष के दिन चांदी की चौकी पर कलश स्थापना की जाएगी। इसके बाद नौ दिनों तक रामलला के साथ ही मां दुर्गा की भी पूजा-अर्चना होगी। नवरात्र में जो पूजन विधि बताई गई है, वैदिक आचार्य उसी विधि से मां शक्ति की पूजा-अर्चना करेंगे। नौ दिनों तक रोजाना दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। वेदमंत्रों से हवन कुंड में आहुतियां अर्पित की जाएंगी।

**आमंत्रित किए जाएंगे देवी-देवता:** भव्य मंदिर में रामलला के पहले जन्मोत्सव यानी रामनवमी पर मां दुर्गा सहित सभी देवी-देवताओं को विधि पूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। जन्मोत्सव के मौके पर नवमी तिथि को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग रामलला को अर्पित कर सभी श्रद्धालुओं को भोग लगा हुआ प्रसाद वितरित किया जाएगा। दशमी तिथि को भी प्रसाद बांटा जाएगा। ट्रस्ट की ओर से अन्य कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

### पति ने की पत्नी की हत्या: घरेलू विवाद को लेकर चाकू से हमला कर उतारा मौत के घाट, वारदात के बाद मौके से फरार

**भदोही , एजेंसी।** भदोही जिले के कोतवाली क्षेत्र के भरतपुर गांव में रविवार की सुबह घरेलू विवाद से नाराज पति ने पत्नी की चाकू से वार कर हत्या कर दी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खबर मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक समेत बड़ी संख्या में फोर्स मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**यह है पूरा मामला**

भरतपुर गांव निवासी मैनेजर गौतम पुत्र जयकरन का उसकी पत्नी शीला से घरेलू बात को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार की सुबह किसी बात को लेकर दोनों में विवाद बढ़ गया। इससे नाराज पति ने घर में ही रखे चाकू से पत्नी पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार वाले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से घर में जहां कोहराम मच गया वहीं पूरे गांव में खलबली मच गई। मामले की जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह, सीओ औराई भारी फोर्स के साथ गांव में पहुंच गए। पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दिया। एएसपी ने बताया कि आरोपी पति फरार हो गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

### सोना और सिगरेट के भगोड़े तस्करों के 29 ठिकानों पर कस्टम छापे, कई ट्रैवल एजेंट भी जांच के दायरे में

**लखनऊ , एजेंसी।** सिगरेट और सोने के भगोड़े तस्करों के खिलाफ कस्टम विभाग ने बड़ा अभियान छेड़ दिया है। अधिकारियों ने पुलिस के साथ 29 तस्करों के ठिकानों पर छापे मारे। ये कार्यवाही टांडा और हलद्वानी में की गई। इन तस्करों के नेटवर्क को पकड़ने की रणनीति बनाई गई है। जिसमें इन तस्करों के आर्गनाइजर और ट्रैवल एजेंटों को जांच के दायरे में रखा गया है। इस बीच रिमांड में लिए गए दो तस्करों की बेल खारिज हो गई है। चार दिन पहले लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से कस्टम टीम ने 3.12 करोड़ रुपये की विदेशी सिगरेट के साथ 35 तस्करों को पकड़ा था। उनमें से मोहम्मद कासिफ नाम के एक तस्कर की तबियत खराब हो गई थी जिसका इलाज अधिकारियों ने कराया। इसकी आड़ में तस्करों ने नारेबाजी शुरू कर दी और इलाज की अफरातफरी के बीच 29 तस्कर हिरासत से फरार हो गए। इस गंभीर प्रकरण में एयरपोर्ट पर तैनात पूरी कस्टम टीम को सस्पेंड किया जा चुका है। छह तस्करों को रिमांड में लेने के बाद कस्टम अधिकारियों द्वारा पूछताछ जारी है। उनसे कुछ महत्वपूर्ण क्लू मिले हैं। इसके आधार पर टीमों ने 29 ठिकानों पर छापे मारे हैं। घरों में कोई तस्कर नहीं मिला लेकिन घरवाले मिले। भगोड़े तस्करों का रहन-सहन अच्छा पाया गया है।

**बड़ा सिंडीकेट होने के संकेत:** पकड़े गए तस्करों से पूछताछ में तस्करों के पीछे बड़े सिंडीकेट का हाथ होने के संकेत मिले हैं। पकड़े गए और भगोड़े तस्कर 'ग्राउंड लेवल वर्कर्स' हैं। तस्करी के सिंडीकेट के रूप में कस्टम विभाग को पहला मौका मिला है। यही वजह है कि पहली बार इन्हें गिरोह के रूप में दर्ज किया गया है।

**दिल्ली-मुंबई से लेकर दुबई तक नेटवर्क:** सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में तस्करों ने कई राज उगले हैं। दुबई में उनके कई 'आर्गनाइजरों' का खुलासा हुआ है।

### मेरठ में रेलवे बना रहा दीवार, ग्रामीणों ने कर दिया चुनाव का बहिष्कार

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के कंकरखेड़ा थानाक्षेत्र के जिटोली में रेलवे लाइन के पास सैकड़ों परिवार काफी वर्षों से रह रहे हैं। वहीं रेलवे अपनी जमीन पर दीवार बनाने की तैयारी कर रहा है। वहीं लोगों के घरों का मुख्य रास्ता रेलवे लाइन की तरफ खुलता है। इस कारण स्थानीय लोगों का रास्ता रुक जाएगा। ग्रामीणों ने रेलवे द्वारा दीवार बनाने के विरोध में चुनाव का बहिष्कार किया है। हाईवे स्थित जिटोली गांव के सैकड़ों ग्रामीण रविवार को रेलवे लाइन के पास इकट्ठा हुए। ग्रामीणों ने बताया कि वह पिछले 50 वर्षों से अपने परिवार के साथ रेलवे लाइन के किनारे पर घर बनाकर रह रहे हैं। वहीं उनके घर में आने-जाने का मुख्य रास्ता रेलवे लाइन की तरफ है। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे विभाग लाइन के निकट दीवार बनाने की तैयारी कर रहा है। जिस कारण उनके घर का मुख्य रास्ता बंद हो जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार उनके घरों के मुख्य रास्ते पर दीवार बनने से बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा। इसे लेकर पूर्व में भी ग्रामीण मुख्यमंत्री पोर्टल, जिलाधिकारी व रेलवे अधिकारी को कई बार प्रार्थना पत्र लिख चुके हैं। उनके घर के बाहर लगे हैंडपंप को रेलवे द्वारा उखाड़ दिया गया है। रविवार को सैकड़ों ग्रामीण हाथों में बैनर लेकर रेलवे लाइन पर इकट्ठा हुए। जहां उन्होंने कहा कि अगर रेलवे ने दीवार बनाने का काम नहीं रोका तो वह आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। साथ ही वह धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हो जाएंगे।




## बरौनी- ग्वालियर एक्सप्रेस में बम की सूचना से मचा हड़कंप

### बाराबंकी स्टेशन पर खंगाली गई पूरी ट्रेन

**बाराबंकी , एजेंसी।** बरौनी - ग्वालियर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11124) में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर भारी पुलिस बल, फायर ब्रिगेड और बम डिस्पोजल दस्ते ने तलाशी की। ट्रेन को करीब 50 मिनट रोका गया। सभी बोगियों में बम की सघन तलाशी की गई। हालांकि सूचना गलत पाई गई। तलाशी में ऐसी कोई सामग्री नहीं निकली।

एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिंह ने बताया कि रविवार सुबह 9:32 पर सूचना मिली थी कि ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस में बम है। करीब आठ मिनट बाद कई थानों की पुलिस फोर्स फायर ब्रिगेड और बम डिस्पोजल दस्ता बाराबंकी रेलवे स्टेशन पहुंच गया। गोरखपुर की ओर से आई ट्रेन को तत्काल रोक लिया गया।

भारी पुलिस बल के साथ ट्रेन के अंदर घुसकर हर डिब्बे में तलाशी लेनी शुरू की गई। डॉग स्क्वायड और बम डिस्पोजल ने ट्रेन का चप्पा चप्पा छान मारा। 9:42 से 10:32 तक सघन तलाशी हुई। राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने भी पूरे स्टेशन को खंगाल डाला। यात्री भी भयभीत रहे। इस दौरान तरह-तरह की आशंकाएं प्रकट होती रहीं। स्टेशन अधीक्षक पीयूष कुमार वर्मा की फिलहाल ट्रेन को रवाना कर दिया गया। रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था अलर्ट कर दी गई है।



### काशी विश्वनाथ धाम: अब नहीं जलेंगे श्रद्धालुओं के पांव, जर्मन हैंगर, मैट और ओआरएस का हुआ इंतजाम

**वाराणसी , एजेंसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के पांव अब नहीं जलेंगे। गर्मी में उनको छांव भी मिलेगी। मंदिर न्यास ने गर्मी और धूप को देखते हुए गंगाद्वार से मंदिर चौक तक जर्मन हैंगर लगवाने के साथ ही मैट भी बिछवा दिया है। इसके साथ ही जर्मन हैंगर में श्रद्धालुओं के लिए ओआरएस का भी इंतजाम किया गया है। शनिवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में जर्मन हैंगर लगाने और मैट बिछाने का काम पूरा हो गया। ललिता घाट से मंदिर चौक तक दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं को अब छांव मिलेगी। इसके साथ ही नई मैट भी बिछाई गई है। बाबा के दर्शन के लिए कतारबद्ध श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों को मंदिर के सेवादार ओआरएस का घोल नियमित रूप से पिलाएंगे।



## एक नजर

### शराब मामले में यूपी का अभियुक्त रफीगंज से गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)**। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के बबुरी थाना के शराब मामले में वांछित अभियुक्त रफीगंज शहर के सब्जी मंडी निवासी मोनू कुमार गुप्ता को यूपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। यूपी पुलिस ने बताया कि 4 दिसंबर 2023 को हमारे थाना क्षेत्र में एक कंटेनर गाड़ी में अंग्रेजी शराब बरामद हुआ था। इस मामले में यह वांछित अभियुक्त पाया गया था। कंटेनर गाड़ी में 236 पेटी 750 एमएल इंपीरियल ब्लू एवं 245 पेटी इंपीरियल ब्लू 375 एममल का शराब बरामद हुआ था। कंटेनर का नंबर गलत अंकित था। लेकिन इंजन एवं चेसिस पर मिले नंबर के आधार पर जांच किया गया तो कंटेनर का नंबर एचआर 55 एस 0474 पाया गया, जो मोनू कुमार गुप्ता के नाम से ही रजिस्टर्ड है। मोनू को गिरफ्तार किया गया। मामले में यूपी के थाना में आबकारी अधिनियम के तहत कांड संख्या 135/23 दर्ज है।

### महागठबंधन चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)**। रफीगंज के ब्लॉक रोड स्थित आरा मशीन के पास चुनावी महागठबंधन कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर एवं नारियल फोड कर औरंगाबाद चुनाव प्रभारी सह पूर्व विधायक राजेंद्र राम,कांग्रेसी नेता माधवी सिह,डा मुकूल सिंह,डा तुलसी यादव,जिप डा संजय यादव,शंकर यादवेन्दू ,विकास पासवान,रण विजय यादव,प्रदेश महासचिव कौलेश्वर यादव ,राजद जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र कुशवाहा ,राजद नेता शाहजादा शाही,डा संजय यादव,लडू खां ;पूर्व जिप गया प्रजापत ने किया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विकी यादव,संचालन कैफ खां ने किया।प्रभारी राजेंद्र राम,जिप शंकर यादवेन्दू ,माधवी सिंह,सहित कई लोगो ने कहा केन्द्र ने किसानों को ठगने का काम किया।सभी मिलकर सरकार बदलें। गांव-गांव जाकर मेहनत करे।माधवी सिंह ने सभा का समापन करते हुये धन्यवाद दिया और कहा कि सभी मिलकर महागठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाकर नया इतिहास बनाए। इस अवसर पर रण विजय यादव,उप प्रमुख प्रतिनिधी कमलेश यादव,लाल मोहन यादव, मुखिया अरूण पासवान,शंकर दयाल यादव,मोहन यादव,पूर्व मुखिया रामस्वरूप यादव,राम सुभग सिंह,उपेंद्र यादव वार्ड पार्षदप्रतिनिधी माहिद खान,मो कैशर,सुदर्शन प्रजापत,नागेंद्र यादव,सिपाही कुशवाहा ,लडू खा,संतोष यादव,पोगर पैक्स प्रबंधक ,सिपाही महतो,श्रवण यादव,पं स उपेंद्र यादव,सीपीआई नरेश यादव,युवा कांग्रेस अध्यक्ष पिन्टू सिंह,शिवनंदन यादव,राजनंदन यादव,सिद्धी यादव,छात्र नेता चंदन,राबीन यादव,दीपक सहित राजद,कांग्रेस,सीपीआई,सहित महागठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के समूह ने बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में बुलंद की आवाज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)**। औरंगाबाद के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की एक बैठक विधान पार्षद दिलीप सिंह की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में जिला परिषद सदस्य, मुखिया सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं पंच उपस्थित रहे। बैठक में एनडीए प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह को चुनाव में भरपूर समर्थन करने पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में सभी वक्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी को चुनाव जिताने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सह देव पैक्स अध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता ने किया। इस मौके पर निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया और जीइएम पोर्टल का उपयोग करते हुए योजनाओं के कार्यान्वन में पारदर्शिता लाई गई है। पारदर्शिता के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को आर्थिक दृष्टि से बहुत ही ताकत मिली है जिससे योजनाएं सही तरीके से कार्यान्वित हो रही है।

---

एनडीए प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह ने रफीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में किया जनसंपर्क, कहा

# सेवा करना लक्ष्य है, जो राम को लाये हैं, उनको लायेगें : सुशील कुमार सिंह



निज संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)**। औरंगाबाद से एनडीए प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह ने रफीगंज के कासमा, शिमला, दुग्गुल, पोगर सहित विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने कासमा बस स्टैंड में संजय सिंह के मकान में चुनावी कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। सांसद ने मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि जो राम को लाए, उनको ही लाएंगे। कार्यकर्ताओं को मजबूती के साथ क्षेत्र मे ही रहकर काम करने को कहा। जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी ने प्रधानमंत्री की जन कल्याणकारी योजनाओं को बताया। प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने को कहा। कहा कि एकता और अखंडता के लिए भाजपा कृत संकल्पित है। उन्होंने दुग्गुल गांव के ठाकुरबाडी परिसर में चौपाल लगाया। सांसद ने लोगों की समस्या सुनी। किसानों ने उतर कोयल नहर को चालू कराने में हो रहे विलंब के बारे मे चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा नेता विनय सिंह, जिप सदस्य प्रदीप चौरसिया, मुखिया नरेंद्र मिश्र, विदाई देवी, सरपंच विनय सिंह, संजय सिंह, संतोष पाठक, उपेंद्र सिंह


## एनडीए नेताओं-कार्यकर्ताओं ने सुशील सिंह को जिताने का लिया संकल्प

निज संवाददाता

**मदनपुर(औरंगाबाद)**। मदनपुर के एनडीए कार्यकर्ताओं ने औरंगाबाद से बीजेपी प्रत्याशी व निवर्तमान सांसद सुशील सिंह को फिर से लोकसभा में भेजने के लिए जी-जान लगा देने का संकल्प लिया है। यह संकल्प कार्यकर्ताओं ने मदनपुर में प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय खुलने के वक्त लिया। इस मौके पर जदयू के प्रदेश महासचिव दीपक कुमार सिंह, कोपरेटिव बैंक के चेयरमैन संतोष सिंह, मदनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष रिषु सिंह, बेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल सिंह, बेरी पैक्स अध्यक्ष रमेश सिंह, चेई नवादा पंचायत के मुखिया विकास कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, मदनपुर के पूर्व मुखिया संजय गुप्ता, महुआंव पैक्स अध्यक्ष विनय कुमार सिंह समेत दजनों एनडीए कार्यकर्ताओं ने कहा कि नेता नही कार्यकर्ता चुनाव जीतते है। सुशील सिंह को जीत दिलाना हमारी जिम्मेवारी है। हम इस जिम्मेवारी का पहले भी निर्वहन करते रहे है। इस बार भी कर रहे है। आगे भी करते रहेंगे। जैसे पहले जीत दिलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाते रहे है। इस बार पहले से दोगुनी चौगुनी ताकत से हम मैदान में है। हम चुनाव अभियान में पूरी मुस्तैदी से जुटे हुए है। हमारे प्रत्याशी और गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। एनडीए इस बार 400 का आकड़ा पार करेगा और नरेंद्र मोदी तीसरी बार पुनः प्रधानमंत्री बनेंगे।

# सात दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का हुआ आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय हुआ पूरा वातावरण

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। जिले के रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के दूगूल पंचायत के खैरा फिरोज बलार गांव में सात दिनों का आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ में मंडप का 18 से 24 घंटा का श्रद्धालू कर रहे है परिक्रमा। परिक्रमा, प्रवचन, रामलीला देखने काफी संख्या में श्रद्धालू पहूंच रहे है।तिसरे दिन अयोध्या के प्रेमा सखी ने प्रवचन के दौरान कहा कि लोगों को अध्यात्म के प्रति जागरूक करे। श्रद्धा और भक्ति ही अच्छी जीवन का आनंद है। कथा सहित कई भक्ति गीतों का श्रद्धालूओ ने आनंद उठाया। अयोध्या के कौशलेश रामलीला मंडली महंत बैकुण्ठाचार्य के टीम द्वारा रामलीला दिखाई गयी। कथा आरती यज्ञकर्ता सह त्रोता दिना सिंह, अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह, सचिव मोहन साव ,उप सचिव नीतीश कुमार, अजीत कुमार सिंह,दिलीप साव,कमलेश सिंह,चन्द्रीप साव, संतन सिंह, रंजन चौधरी, उपाध्यक्ष पूर्व मुखिया विनोद रजक, अर्जुन सिंह, अवध किशोर सिह, सरपंच बिनय सिंह, अजीत कुमार सिंह, संध्या देवी, हिमांशू रंजन, मोनू कुशवाहा, सौरभ, बीमा अभिकर्ता संजय शर्मा ने हिंस्सा लिया। यज्ञ 2 से 8 अप्रैल तक आचार्य अक्षय पाण्डेय एवं महंत किशोरी दास के देखरेख में विनय पाण्डेय, रूपेश पाठक,विवेक मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच् चार के साथ पूजन की जा रही है। यज्ञ में डा राजेश कुमार,डा मनोज कुमार,डा रंजन यादव,डा विरेन्द्र कुमार, डा मुकेश,डा रंजीत, बीमा कर्मचारी डा रमेश द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगायी गयी है। यज्ञ मंडप का 18 घंटा का खैरा फिरोज के धनंजय कुमार , रुपा, शारदा, अनुपम सहित सैकडों लोगों ने परिक्रमा किया। उप सचिव नीतीश कुमार ने बताया कि यज्ञ में सुरक्षा में कासमा पुलिस के गौतम कुणाल के नेतृत्व मे 130 भोलेनटियर एवं ग्राम रक्षा दल है।

इस कार्यक्रम में पार्षद प्रदीप चौरसिया, मुखिया नरेंद्र मिश्र, फेकू प्रजापत, अजय पासवान, धनंजय साव, नागेंद्र साव, संयोजक संजय सिंह,कपिल देव सिह,कोषाध्यक्ष चंदन साहू, उपाध्यक्ष संजय पासवान, व्रजेन्द्र पासवान, मुखिया अरूण पासवान, संतोष शर्मा, राजेश कुमार, विजय कुमार, मंटू साव, कमलेश, अजय, रंजन, अखिलेश कुमार, जग निवास सिंह, पिन्टू प्रजापत, दिलीप साव, डा. प्रदीप यादव, रामाशीष साव, शत्रुघ्न महतो, कमलेश सिंह, रामप्रवेश सिंह,भावना कुशवाहा, कन्हाई संत, खेलावन यादव सहित खैरा, बलार गांव एवं अन्य गांव के श्रद्धालूओं ने हिस्सा लिया।

# बाइक ने वृद्ध को रौंदा गंभीर हालत में गया रेफर



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। जिले के रफीगंज-शिवगंज पथ के रेगनिया पेट्रोल पंप के पास सिंघी गांव निवासी 60 वर्षीय विजय सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायल को पूर्व उपध्यक्ष हरेंद्र कुमार, विजय सिंह, कुंदन सिंह सहित स्थानीय लोगों ने आनन फानन में अपने ही वाहन से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर संतोष कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों ने बताया कि पेट्रोल पंप के पास से पेट्रोल लेकर रफीगंज की ओर आ रहे थे, तभी रफीगंज की तरफ से जा रहे हैं, एक मोटरसाइकिल सामने से टक्कर मार दिया। जिससे गिरकर घायल हो गए। वहीं मोटरसाइकिल सवार दो लोग भी घायल हो गए। उन लोगों घटनास्थल से ही सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया है।

# अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के इमादपुर स्थित एक निजी भवन में अंबेडकर विचार मंच द्वारा जयंती को सफल बनाने को लेकर एक समीक्षा बैठक की गई। अध्यक्षता हरेन्द्र कुमार व संचालन विनोद कुमार ने किया बैठक मे 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंच के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने अपनी राय दी। बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से बाबा साहब की झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर सभी लोग गांव से अपनी-अपनी झांकी साथ लेकर आएंगे और शांतिपूर्ण ढंग से मानवता का परिचय देते हुए झांकी को सफल बनाएंगे। इस मौके पर अंबेडकर विचार मंच के सचिव उमेश पासवान, लालदेव पासवान, जितेंद्र नारायण, डॉ. संजय यादव, पूर्व वार्ड सदस्य अनील गौतम, राज कुमार, अधिवक्ता रमेश कुमार, सुरेन्द्र पासवान, राजु चौधरी, संतोष चौधरी, सुमन कुमार, उमेश कुमार, सोहन कुमार, उपेन्द्र पासवान, लाल मोहन, निरपती राम, वार्ड सदस्य मो. रसुल, सत्य नारायण चौहान, धर्मेन्द्र राम, दुर्गा दास एवं संजीव कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## पटना पुलिस के विशेष अभियान में 97 गिरफ्तार

**पटना(नि.सं.)**। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में शनिवार की रात पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें हत्या, डकैती समेत विभिन्न कांडों में शामिल 97 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, वहीं पुलिस ने अभियान के दौरान छापेमारी कर 245 लीटर अंग्रेजी और 210 लीटर देसी शराब के साथ दो हथियार, दो कारतूस, आठ वाहन, दो मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किए। दरअसल, जिले में अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के साथ ही अपराधियों पर कार्रवाई के उद्देश्य से पुलिस शनिवार की रात में सभी थाना इलाकों में विशेष अभियान चलाया, जिसमें खुसरूपुर थाने की पुलिस ने हत्या के फरार आरोपित जगदीश महतो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित हरदास बिगहा के बिंद टोली गांव का रहने वाला है, वहीं नौबतपुर थाने की पुलिस ने हत्याकांड के वारंटी अशोक मोची को रूस्तमपुर से गिरफ्तार कर लिया।

# 2880 किलो महुआ फूल एवं 80 लीटर महुआ देसी शराब बरामद



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। जिले की रफीगंज थाना पुलिस ने गोराडीह पंचायत के चकलदह गांव के बधार से 64 बोरा महुआ फुल एवं 80 लीटर महुआ देसी शराब बरामद किया। वहीं एक काला रंग का स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि सूचना मिली कि चकलदह गांव के दक्षिण झाड़ी में छुपा कर भारी मात्रा में महुआ एवं महुआ देसी शराब रखा गया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी किया गया। जहां से 45 किलो के 64 बोरा में 2880 किलो महुआ फुल, एक काला रंग का स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर पॉलिथीन पैक किया हुआ 8 पैकेट महुआ देसी शराब तथा दो हरा रंग का प्लास्टिक गैलन में भरा हुआ देसी महुआ शराब कुल 80 लीटर शराब बरामद किया गया है। जिसे जप्त स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल के साथ बरामद शराब एवं महुआ फुल थाना लाया गया और प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# शहर में 17 अप्रैल को निकलेगी रामनवमी शोभा यात्रा

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर में आगामी 17 अप्रैल को रामनवमी की शोभायात्रा निकलेगी। शहर की सामाजिक संस्था श्री सरस्वती सुशोभित समिति के अध्यक्ष नवीन सिन्हा ने बताया कि इस बार समिति के द्वारा रामनवमी पूजा की शोभायात्रा नवमी 17 अप्रैल को निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि समिति के द्वारा हर साल यह शोभा यात्रा दसवीं के दिन निकाली जाती थी लेकिन लोकसभा के चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन के सहयोग हेतु समिति ने इस बार की शोभायात्रा नवमी को ही निकालने का निर्णय लिया है।यह शोभायात्रा भव्य रूप से निकाला जाएगा। इस बार की शोभायात्रा में राम भक्तों में हर साल से अधिक उल्लास नजर आ रहा है क्योंकि अयोध्या की 500 वर्षों की तपस्या अब जाकर पूरी हुई है और मंदिर निर्माण होने पर शोभा यात्रा की खूबसूरती में चार चांद लग रहा है। समिति के द्वारा ढोल-नगाड़े, हाथी-घोड़े एवं रथ के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही शहर की सभी समितियां द्वारा संयुक्त रूप से 16 अप्रैल को राम भक्तों को शोभा यात्रा में आमंत्रण के लिए पद संपर्क यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने शहर वासियों से निवेदन किया कि शोभायात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सभी लोग प्रशासनिक सहयोग करेंगे जिससे लोकसभा के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से शहर में संपन्न हो सके।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**आरा(नि.सं.)**। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मेरा स्वास्थ्य-मेरा अधिकार विषय पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी में अध्यक्ष डॉ बीएन यादव की अध्यक्षता में लोगों के बीच स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता को ले गोष्ठी का आयोजन किया गया। उप संरक्षक लालदास राय ने कहा कि संसाधन की कमी, आर्थिक विपन्नता, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास के कारण लोगों को जागरूकता का लाभ नहीं मिल पाता।

# पेंशनर समाज की मासिक बैठक संपन्न

निज संवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)**। नवीनगर के सोखा बाबा मंदिर परिसर में पेंशनर समाज की मासिक बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद सिंह एवं संचालन हाजी मुस्ताक अहमद ने किया। बैठक में सर्वप्रथम रमजान उल मुबारक तथा ईद की मुबारकबाद एवं नूतन विक्रम संवत 2081 के आगमन पर वर्ष प्रतिपदा की शुभकामना दी गई। राज्य पेंशनर समाज की ओर से राज्य स्तर पर आयोजित आमसभा में प्रस्तावित पेंशनरों से संबंधित प्रस्ताव के बारे में अर्जुन भगत ने जानकारी दी। हाल के दिनों में सेवानिवृत पेंशनरों से पेंशनर समाज की सदस्यता ग्रहण करने एवं मासिक बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। इस काम के लिए पेंशनर समाज के सदस्यों से संपर्क करने तथा नए पेंशनरों को सम्मिलित कराने के लिए प्रयास करने पर जोर दिया गया। क्योंकि लोकसभा 2024 का चुनाव जल्द ही होने वाला है। इसलिए भारत के हर नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है, उनसे आग्रह किया जाता है कि मतदान में अवश्य भाग ले। विशेष रूप से महिलाओं से 70 प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर नर्मदेश्वर पांडेय, गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह, रामजन्म सिंह, नागेश्वर दुबे, अवधेश प्रसाद सिंह, अर्जुन भगत, विशुन प्रसाद, हरिद्वार सिंह, जगदीश सिंह तथा दुर्गा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# सांसद ने की पूजा-अर्चना

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि. सं.)**। रफीगंज के खैरा-फिरोज बलार गांव में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ में औरंगाबाद के निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ के आयोजक दीना सिंह, सच्चिदानंद सिंह, संजय सिंह, मोहन साव, नीतीश कुमार, मुखिया नरेंद्र मिश्र, विदाई देवी, पूर्व प्रमुख ब्रजेन्द्र पासवान, लालमुनी पासवान, दिलीप साव, संजय शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने उन्हे माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सांसद ने आए श्रद्धालुओं से मिलकर कहा कि देवों के देव महादेव का यज्ञ है। यहां आकर सभी लोग धन्य हो गए। वह नवनिर्मित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर यज्ञ के आचार्य से मिले और आयोजको को काफी प्रशंसा की।

# जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन कैकेई खंड काव्य का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रांगण में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में प्रताप नारायण सिंह रचित खंडकाव्य कैकेई का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने किया जबकि संचालन कवि नागेंद्र प्रसाद केसरी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व बीईओ सुमन अग्रवाल, लेखक प्रताप नारायण सिंह, महामंत्री धनंजय जयपुरी, पूर्व प्राचार्य डॉ सी एस पांडेय,प्रसिद्ध ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, सरपंच संघ के प्रांतीय अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह एवं अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी अतिथियों ने पुस्तक का लोकार्पण किया एवं संबोधन के क्रम में कहा कि कैकेई खंड काव्य संग्रह एक बहुमूल्य कृति है भक्ति काल में बहुत से काव्य की रचना हुई थी लेकिन कैकेई नाम से कोई भी काव्य नहीं रचे गए थे। राम को रामत्व दिलाने में माता कैकेई का बहुमूल्य योगदान था।मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम को बाल्यकाल में धनुर्विद्या माता कैकेई ने ही सिखाई थी।यह खंडकाव्य आधुनिक समय में सामाजिक संचेतना को जगाने में विशेष सहभागिता निभाएगी।आगत अतिथियों का स्वागत उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने किया।इस मौके पर डॉ रामाधार सिंह,डॉ संजीव रंजन,लालदेव प्रसाद, लवकुश प्रसाद सिंह,वैजनाथ सिंह, सुरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, रामचंद्र सिंह, पुरुषोत्तम पाठक, मुरलीधर पांडेय, सतीश कुमार पांडेय,अभय कुमार सिंह, उज्जवल रंजन, संतोष मिश्रा, विनय मामूली बुद्धि, हिमांशु चक्रपाणि, विनय कुमार सिंह, विष्णु देव शर्मा, धीरेन्द्र कुमार सिंह दिलीप सिंह,कवि श्रीराम राय सहित अन्य उपस्थित थे।

# पुलिस ने मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने लोदीपुर गांव में छापेमारी करते हुए मिनी महुआ शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। बड़े पैमाने पर जावा महुआ शराब निर्माण करने वाली सामग्री बरामद करते हुए एक धंधेबाज को गिरफतार कर रविवार को जेल भेज दिया है। उपहारा अध्यक्ष मनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि लोदीपुर गांव निवासी राजेंद्र पासवान के पुत्र रंजित कुमार शराब बनाकर धंधा के रहा है।जीसको लेकर शस्त्र बलों के साथ छापामारी की गई। जहा लोदीपुर गांव के आहर के समीप छापेमारी की गई जहां से एक भट्टी के साथ सौ किलो जावा महुआ,पंद्रह लीटर महुआ शराब,गैस चूल्हा, बनाने वाला उपकरण को बरामद किया गया है।वही से धनधेवाज रंजित कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की करवाई की जा रही है।

## एलआईसी पेंशनर्स एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**पटना (नि.सं.)**। एलआईसी पेंशनर्स एसोसिएशन के पटना मंडल का 28वां वार्षिक सम्मेलन भारतीय जीवन बीमा निगम पटना मंडल के खेल कक्ष में आयोजित हुई। अध्यक्षता ज्ञानेन्द्र प्रसाद वर्मा ने की। महामंत्री मदन मोहन प्रसाद वर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। नए सत्र के लिए संगठन अध्यक्ष एमएमपी वर्मा, महामंत्री प्रभात रंजन, उपाध्यक्ष बीके दास, कोषाध्यक्ष पर पर जेपी नारायण को सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया।

# शांति समिति की बैठक में दिए गए आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता



**गोह(औरंगाबाद)**। गोह के देवकुंड थाना में शांति समिति की बैठक रविवार को थाना परिसर में मुस्लिम धर्मावलंबियों के ईद, हिंदू धर्मावलंबियों के रामनवमी, चैती छठ पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से इन पर्वो को भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने कहा कि ईद, रामनवमी, चैती छठ ये सभी पर्व भाईचारे का पर्व है। इसलिए सभी लोग शांतिपूर्ण वातावरण में इसे संपन्न कराने में प्रशासन को मदद करे। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने लोगों को आचार संहिता का उल्लंघन ना करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। बताया कि आचार संहिता लागू रहने के कारण इस बार रामनवमी को लेकर शहर में जुलूस नहीं निकाली जाएगी। शोभायात्रा या जुलूस पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। अगर किसी संगठन द्वारा जुलूस निकाली जाती है। तो उनलोगो को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

कहा कि संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी साथ ही स्थानीय लोगों की भी सहयोग की जरूरत है। हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर पुलिस को सूचना दें। कहा रामनवमी ,छठ व ईद पर्व लोग शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। कहीं कोई गड़बड़ी हो तो उसकी सूचना तुरंत थाने को दें। रामनवमी पर्व में डीजे साउंड का प्रयोग नहीं करें उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन आपकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। वहीं ईद व रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर पदाधिकारियों ने अपील की।मौके पर समाजसेवी सोनू दुबे, पूर्व मुखिया राम कृपाल विश्वकर्मा,संजय कुमार,राघो सिंह,दुर्गेश दुबे, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433